ई-न्यूज

# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, बुधवार 25 सितम्बर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 203



## जम्मू-कश्मीर में दूसरे फेज की वोटिंग खत्म:शाम 5 बजे तक 54% मतदान; हब्बाकदल में सबसे कम 15% वोटिंग; पुंछ-हवेली 75% के साथ टॉप पर



**24 न्यूज अपडेट**

श्रीनगर.जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 6 जिलों की 26 विधानसभा सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। इसमें 25.78 लाख मतदाताओं ने शाम 6 बजे तक वोट डाला। 6 बजे के पहले पोलिंग बूथ आए लोग अभी भी वोट डाल सकेंगे।

दोपहर 3 बजे तक 46.122 फीसदी वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा रियासी में 63.91% वोटिंग हुई, जबकि श्रीनगर में सबसे कम 22.62% वोट पड़े।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा- जहां कभी वोटिंग के बहिष्कार का ऐलान होता था, आज वहां रिकॉर्ड मतदान हो रहा है।

सेकेंड फेज की 26 सीटों में से 15 सीटें सेंट्रल कश्मीर और 11 सीटें जम्मू की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 239 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 233 पुरुष और 6 महिलाएं हैं।

दूसरे फेज में 131 कैंडिडेट्स करोड़पति और 49 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने अपनी संपत्ति केवल 1,000 रुपए घोषित की है। वोटिंग के दौरान उन्होंने कहा- PDP, NC और कांग्रेस की सरकारों में यहां डर का माहौल था।

पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला गांदरबल और बीरवाह से चुनाव लड़ रहे हैं। उमर लोकसभा चुनाव में बारामूला सीट तिहाड़ जेल से चुनाव लड़े इंजीनियर राशिद से हार गए थे। इस बार भी गांदरबल सीट पर उनके खिलाफ जेल में बंद सरजन अहमद वागे उर्फ आजादी चाचा मैदान में हैं। 18 सितंबर को पहले फेज में 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग हुई। इस दौरान 61.38% मतदान हुआ। किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 80.20% और पुलवामा में सबसे कम 46.99% वोटिंग हुई।

## पैरासिटामॉल सहित 53 दवाएं क्वालिटी टेस्ट में फेल:इनमें विटामिन, शुगर और ब्लड प्रेशर के अलावा कुछ एंटीबायोटिक्स भी शामिल



**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली. CSDSO की लिस्ट में कैल्सियम और विटामिन डी3 सप्लीमेंट्स, एंटी डायबिटीज की गोलियां और हाई ब्लड प्रेशर के लिए दवाएं शामिल हैं। बैन की गई दवाओं की लिस्ट में दौरे और एनजाइटी में इस्तेमाल की जाने वाली क्लोनाजेपाम टैबलेट, दर्द निवारक डिक्लोफेनाक, सांस की बीमारी के लिए इस्तेमाल होने वाली एंब्रॉक्सोल, एंटी फंगल फ्लुकोनाजोल और कुछ मल्टीविटामिन और कैल्शियम की गोलियां भी हैं। ये दवाएं हेटेरो ड्रग्स, अल्केम लेबोरेट्रीज, हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड (HAL), कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनियों द्वारा बनाई जाती हैं।

CSDSO ने 53 दवाओं की सूची जारी की

पेट के इंफेक्शन के लिए दी जाने वाली दवा मेट्रोनिडाजोल भी इस जांच में फेल हो गई है, जो हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड बनाती है। इसी तरह टॉरेंट फार्मास्युटिकल्स की शेलकाल टैबलेट्स भी जांच में असफल रही।

CSDSO ने 53 दवाओं की सूची जारी की है, जो जांच में फेल हो गईं। इनमें से 5 दवाइयां नकली थीं। यानी दवा बनाने वाली कंपनियों ने कहा कि ये उनकी मेडसिन नहीं हैं , बल्कि मार्केट में उनके नाम से नकली दवाइयां बेचीं जा रही हैं।

### अगस्त में 156 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन दवाओं पर रोक लगाई

केंद्र सरकार ने इसी साल अगस्त में 156 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (FDC) दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। ये आमतौर पर बुखार और सर्दी के अलावा पेन किलर, मल्टी-विटामिन और एंटीबायोटिक्स के रूप में इस्तेमाल की जा रही थीं। सरकार ने कहा कि इनके इस्तेमाल से इंसानों को खतरा होने की आशंका है। इसलिए देशभर में इन दवाओं के प्रोडक्शन, कंजम्पशन और डिस्ट्रीब्यूशन पर रोक रहेगी। सरकार ने ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिशों पर यह आदेश जारी किया है। बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इन FDC दवाओं में मौजूद इन्ग्रेडिएंट्स का कोई मेडिकल जस्टिफिकेशन नहीं है। एक ही गोली में एक से ज्यादा दवाओं को मिलाकर बनाई गई दवाएं फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन ड्रग्स (FDC) कहलाती हैं, इन दवाओं को कॉकटेल ड्रग्स के नाम से भी जाना जाता है।

### हेयर ट्रीटमेंट, स्किनकेयर और एंटी-एलर्जिक दवाएं भी शामिल

केंद्र सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, एमाइलेज, प्रोटीएज, ग्लूकोएमाइलेज, पेक्टिनेज, अल्फा गैलेक्टोसिडेज, लैक्टेज, बीटा-ग्लूकोनेज, सेल्युलेस, लाइपेज, ब्रोमेलैन, जाइलेनस, हेमिकेल्यूलेस, माल्ट डायस्टेज, इनवर्टेज और पापेन के इस्तेमाल से इंसानों को खतरा होने की आशंका है।

बैन की गई दवाओं की लिस्ट में हेयर ट्रीटमेंट, एंटीपैरासिटिक (परजीवियों के इन्फेक्शन में इस्तेमाल), स्किनकेयर, एंटी-एलर्जिक के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं भी शामिल हैं। सरकार ने कहा इन दवाओं के बदले दूसरी दवाएं मार्केट में उपलब्ध हैं। उन पर कोई रोक नहीं रहेगी।

### राजस्थान में मुख्यमंत्री फ्री दवा योजना की 10 दवाइयों के सैंपल फेल

इसी साल मई में राजस्थान में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत सप्लाई होने वाली 10 दवाइयों के सैंपल फेल हो गए हैं। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (आरएमएससी) ने 8 कंपनियों की 10 दवाइयों की सप्लाई पर रोक लगा दी है। इन दवाइयों में फंगल इन्फेक्शन में काम आने वाली गोलियां, मलेरिया के गंभीर मरीजों को लगाए जाने वाले इंजेक्शन, आई ड्रॉप और सांस में तकलीफ होने पर काम आने वाली दवाई अस्थलीन शामिल है।


## सीजेआई बोले-देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते, कर्नाटक के जज ने बेंगलुरु के मुस्लिम इलाके को पाकिस्तान कहा था फिर माफी मांगी



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जजों को हिदायत दी कि वे किसी समुदाय पर कमेंट करते वक्त लापरवाही ना बरतें। ब्श्रप् डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच कर्नाटक हाईकोर्ट के जज के विवादित कमेंट का मामला सुन रही थी। जिसमें जज ने बेंगलुरु के एक हिस्से को पाकिस्तान कह दिया था। सीजेआई कहा कि आप देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते हैं। यह देश की एकता के मौलिक सिद्धांत के खिलाफ है। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस वी श्रीशनंदा के इस कमेंट का वीडियो वायरल हो गया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस मामले की सुनवाई शुरू की। वीडियो के वायरल होने के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने बिना परमिशन के कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक लगा दी थी। इस पर सीजेआई ने कहा, कोर्ट की प्रक्रिया में अधिकतम पारदर्शिता लाने के लिए उसे ज्यादा से ज्यादा प्रकाश में लाने की जरूरत है। कोर्ट में जो कुछ भी होता है उसे दबाना नहीं चाहिए। सब कुछ बंद कर देना नहीं है। इसके बाद जस्टिस श्रीशनंदा ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांग ली। बेंच ने माफी मंजूर करते हुए केस बंद कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के जजों की 3 सलाह लापरवाह तरीके से किए गए कमेंट किसी व्यक्ति का पक्षपात पूर्ण नजरिया बताते हैं, खासतौर से तब जब वे किसी जेंडर या कम्युनिटी पर किए गए हों। सुनवाई के दौरान जज ऐसे कमेंट से बचें, जो किसी समुदाय के खिलाफ हों या उसे नुकसान पहुंचाने वाला हो। इस केस को हम बंद कर रहे हैं, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक एज के दौर में न्यायधीशों और वकीलों को उचित कमेंट करना चाहिए और अपने व्यवहार को इस दौर के मुताबिक ढालना चाहिए। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आए एक मैसेज का जिक्र किया। सीजेआई ने इस मैसेज को बहुत कठोर बताया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया को कंट्रोल नहीं किया जा सकता है और यह बहुत खतरनाक है। इस पर सीजेआई ने कहा, इसका उत्तर यह नहीं है कि दरवाजे बंद कर दिए जाएं, सबकुछ बंद कर दिया जाए। कोर्ट में जो कुछ हो रहा है, उसे दबाना नहीं चाहिए। बेंच ने कहा, सोशल मीडिया की पहुंच व्यापक है, इसमें कोर्ट की कार्यवाही की रिपोर्टिंग भी शामिल है। ऐसे में अब ज्यादातर हाईकोर्ट्स ने लाइव स्ट्रीमिंग के लिए नए नियम अपना लिए हैं। कोविड के समय इसकी जरूरत थी। न्याय देने के लिए अदालतों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और लाइव स्ट्रीमिंग को अपनाया था, ये तब अदालतों के लिए न्याय दिलाने का अहम जरिया थी। न्यायिक व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति जज, वकील और पक्षकारों को इस बात को लेकर सतर्क रहना होगा कि कोर्ट की कार्यवाही सिर्फ कोर्ट में मौजूद लोगों सीमित नहीं है, इसे देखने वाले भी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्याय की आत्मा ही निष्पक्ष और न्यायसंगत होना है। हर जज को अपने झुकाव का ध्यान होना चाहिए। इसी जागरूकता के आधार पर हम ईमानदारी से निष्पक्ष और न्याय संगत फैसला दे सकते हैं। हम इस बात पर इसलिए जोर दे रहे हैं, क्योंकि हर किसी को यह समझना जरूरी है कि फैसला सुनाने के पीछे सिर्फ वही मूल्य होने चाहिए, जिनका जिक्र भारतीय संविधान में किया गया है। यूट्यूब चैनल से वीडियो क्लिप वायरल होने के एक दिन बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने अपनी अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग शुरू करने से आधा घंटे पहले एक डिस्क्लेमर दिया। इसमें बिना परमिशन वीडियो रिकॉर्ड करने पर रोक लगा दी गई थी। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई थी। मैसेज में कहा गया था कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लाइव-स्ट्रीम की गई कार्यवाही को रिकॉर्ड, शेयर या पब्लिश नहीं करेगा। इसके लिए पहले से परमिशन लेनी होगी।

## सेंसेक्स ने 85,236 और निफ्टी ने 26,032 का हाई बनाया:बाजार 255 अंक चढ़कर 85,169 पर बंद, IT और एनर्जी शेयर्स में रही तेजी




**24 न्यूज अपडेट**

शेयर बाजार ने आज यानी 25 सितंबर को लगातार छठे दिन ऑल टाइम हाई बनाया है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 85,247 और निफ्टी ने 26,032 का स्तर छुआ। इसके बाद सेंसेक्स 255 अंक की तेजी के साथ 85,169 के स्तर पर बंद हुआ।

निफ्टी में भी 63 अंक की तेजी रही, ये 26,004 के स्तर पर बंद हुआ। ऑटो, IT, एनर्जी और बैंकिंग शेयर्स में तेजी देखने को मिली है। पावरग्रिड का शेयर आज 14.15 रुपए (4.04%) चढ़कर 364.20 रुपए पर बंद हुआ। ये निफ्टी 50 का टॉप गेनर रहा।

एशियाई बाजारों में आज तेजी

ज्यादातर एशियाई बाजार में आज तेजी है। चीन के शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 1.16% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 0.68% की तेजी रही। वहीं कोरिया का कोस्पी 1.34% गिरकर बंद हुआ।

24 सितंबर को अमेरिकी बाजार का डाओ जोंस 0.20% बढ़कर 42,208 पर बंद हुआ। वहीं नैस्डैक 0.56% चढ़कर 18,074 और S&P 500 0.25% चढ़कर 5,732 पर बंद हुआ।

NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 24 सितंबर को 2,784.14 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 3,868.31 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।


## संपादकीय : अश्लीलता पर अंकुश

तकनीकी संसाधनों के विकास के साथ-साथ उनके आपराधिक उपयोग की गलियां भी खुलती गई हैं। इन पर अंकुश लगाने की ज्यादातर कोशिशें विफल ही देखी जा रही हैं। कुछ मसले अब इतने संवेदनशील हैं कि समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार उनमें से एक है। इंटरनेट के विस्तार और हर हाथ में डिजिटल उपकरणों की पहुंच होने के बाद अब बड़े पैमाने पर ऐसी अश्लील सामग्री परोसी जाने लगी है, जो बच्चों को लेकर बनाई जाती है। इस पर रोक लगाने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई थी। अदालत ने उस याचिका पर कहा था कि 'बाल पोर्नोग्राफी' देखने और उसे डाउनलोड करके रखने को पाक्सो कानून के अंतर्गत अपराध नहीं माना जा सकता। उसी आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। अब सर्वोच्च न्यायालय ने न केवल मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को पलटते हुए ऐसी सामग्री को डाउनलोड करके रखना और दूसरों को भेजना पाक्सो कानून के अंतर्गत अपराध माना है, बल्कि इस विषय में कई विस्तृत निर्देश दिए हैं। देश की सभी अदालतों से कहा है कि अब वे 'बाल पोर्नोग्राफी' के बजाय 'बाल यौनशोषण और दुर्व्यवहार सामग्री पद का उपयोग करें। साथ ही केंद्र सरकार से कहा है कि वह पाक्सो कानून में संशोधन कर इसे अधिक स्पष्ट और व्यापक बनाए। जब तक कानून नहीं बनता, तब तक इस पर अध्यादेश जारी करे। बाल यौनशोषण और दुर्व्यवहार पर अंकुश लगाने के लिए हालांकि कठोर कानून हैं, पर उनमें कुछ जगहों पर स्पष्टता न होने के कारण अश्लील सामग्री तैयार करने के लिए बच्चों का भी उपयोग किया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी कमजोरी को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। दरअसल, अश्लील सामग्री का कारोबार दुनिया भर में फैला हुआ है। कुछ देशों ने तो इसे कानूनी मान्यता भी दे रखी है, जैसे जर्मनी, फ्रांस आदि । मगर पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह डिजिटल माध्यमों पर अश्लील सामग्री परोसने की प्रवृत्ति और उससे समाजों में हिंसा तथा यौनशोषण की घटनाएं लगातार बड़ी हैं, उससे दुनिया भर में ऐसी सामग्री पर अंकुश लगाने की मांग उठने लगी है। हमारे यहां ऐसी सामग्री के निर्माण को दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा गया है। मगर इंटरनेट की दुनिया इतनी जटिल बन चुकी है कि ऐसी सामग्री की पहुंच रोकना कठिन बना हुआ है। इनमें बच्चों का उपयोग रोकना बड़ी चुनौती है। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा है कि यौनशिक्षा को व्यापक रूप से लागू किया जाना चाहिए। इससे ऐसे अपराधों पर काबू पाने में काफी मदद मिल सकती है। दरअसल, बहुत सारे लोग यौनशिक्षा के नाम पर ऐसा सामग्री को उचित ठहराते देखे जाते हैं। मगर अश्लील सामग्री निर्माण के लिए जिस तरह बच्चों की तस्करी बढ़ी है। और उनके साथ दुर्व्यवहार और उत्पीड़न की घटनाएं बड़ी हैं, उससे उनके मानवाधिकारों को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। निस्संदेह इस पर अंकुश लगाने के लिए कठोर कानून की जरूरत है। मगर अश्लील सामग्री के निर्माण और उनकी पहुंच पर रोक लगाना फिर भी बड़ी चुनौती बनी रह सकती है। जिन देशों में ऐसी सामग्री बनाने पर रोक नहीं है, अश्लील सामग्री बनाने वाले उन जगहों का उपयोग करते हैं। बाल अधिकारों को लेकर व्यापक पहल की जरूरत है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ समझौतों की भी जरूरत हो सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस विषय पर गंभीरता से विचार करने का एक अवसर दिया है।

## हिंसा के पांव

दिल्ली के शकरपुर इलाके में एक किशोर की हत्या और उससे संबंधित जो ब्योरे सामने आए हैं, वे किसी भी संवेदनशील व्यक्ति और समाज को परेशान करने के लिए काफी हैं। नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले तीन नाबालिग बच्चों ने अपनी ही उम्र के एक दोस्त की हत्या सरेआम चाकू घोंप कर कर दी। इसके पीछे जो कारण सामने आए हैं, वे समूचे समाज और सरकार को अपनी विकास नीतियों पर एक बार ठहर कर विचार करने को मजबूर करते हैं मारे गए किशोर ने नया मोबाइल फोन खरीदा था, उसके तीनों दोस्तों ने उसे इसी खुशी में दावत देने को कहा और मना करने पर उसे मार डाला । अब आरोपी किशोरों के बारे समाज यही सोच कर रह जाएगा कि उन्होंने अपराध किया और उन्हें सजा मिली। मगर ऐसे मामलों की त्रासदी यहीं तक सीमित नहीं है। पिछले कुछ समय में ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं, जिनमें स्कूली बच्चों या किशोरों के भीतर भी बेलगाम आक्रामकता, हिंसक बर्ताव और आपराधिक प्रवृत्ति देखी जा रही है। सवाल है कि छोटी उम्र में बच्चों के भीतर इस बदलाव का स्रोत कहां है। नए मोबाइल की दावत जैसी बेहद मामूली बात क्या इतनी गंभीर आक्रामकता पैदा कर सकती है कि तीन किशोर अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर दें ? लगता है कि समाज और परिवार की कमजोर होती कड़ियों के बीच आधुनिक तकनीक की दुनिया में गुम होने की अति ने मानसिक स्थितियों को व्यापक पैमाने पर प्रभावित किया है। खासकर बच्चों के कोमल मन-मस्तिष्क पर इसका खासा असर पड़ रहा है और वे गंभीर संवेदनात्मक उथल-पुथल का शिकार हो रहे हैं। ज्यादातर बच्चों की आसान पहुंच स्मार्टफोन और इंटरनेट की असीमित दुनिया तक होने लगी है, जहां सोचने-समझने और व्यवहार को प्रभावित करने वाली सामग्री भरी पड़ी है। बच्चों के विवेक पर इसका गंभीर और नकारात्मक असर पड़ रहा है। इसका खमियाजा कई बार बाहर, घर या स्कूल में उनके आक्रामक या हिंसक होने के रूप में सामने आ रहा है। अगर लोगों और खासकर बच्चों की सोच-समझ और व्यवहार पर असर डालने वाले कारकों का संतुलन बनाने को लेकर ठोस पहलकदमी नहीं हुई, तो बच्चों की दुनिया सबके लिए चिंता का कारण बन सकती है।

# मावली में मदरसे की जमीन का आवंटन निरस्त, कलेक्टर की रिपोर्ट पर लगी राज्य सरकार की मुहर



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। मावली में मदरसे के लिए आवंटित की गई जमीन को कलेक्टर की ओर से पत्र जाते ही राज्य सरकार ने आज निरस्त कर दी है। उदयपुर कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने परसों ही सरकार को रिपोर्ट भेजी थी तथा इसे निरस्त करने की अनुशंसा की थी जिसे मान लिया गया। बुधवार को इस जमीन के आवंटन को रद्द करने का आदेश दिया गया है। आपको बता दें कि मदरसे के लिए जमीन के आवंटन के विरोध में सोमवार को मावली कस्बे में बवाल हो गया था। भारी प्रदर्शन व धरने के बाद लोगों ने तत्काल निरस्ती की मांग की थी। चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी भी आंदोलन में शामिल हुए थे व जमीन आवंटन निरस्त करने की मांग भी की व यह आश्वासन भी दिया कि निरस्त किया जाएगा। इस पर शाम को जिला कलेक्टर उदयपुर ने राजस्व विभाग के ग्रुप तीन के उप शासन सचिव बिरदीचंद गंगवाल की ओर से 25 सितंबर की तारीख में निकाले आदेश में जमीन का आवंटन निरस्त कर दिया है। इसमें एसडीएम की रिपोर्ट को आधार बनाया गया है। उदयपुर कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने 23 सितंबर को राज्य सरकार से जमीन निरस्त करने के लिए अग्रिम कार्रवाई का पत्र भेज दिया था। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के ग्रुप-3 के संयुक्त शासन सचिव को भेजे पत्र में आवंटन निरस्त करने को कहा था। मावली एसडीएम मनसुख डामोर ने मीडिया से कहा कि सरकार को भेजी इस रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने इसका आवंटन निरस्त कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में मावली के गायत्री नगर के पास 4 बीघा 16 बिस्वा जमीन मदरसा को आवंटित की गई थी। इस पर सर्व समाज की आपत्ति थी। लोगों ने जमीन आवंटन को निरस्त करने की मांग करते हुए 23 सितंबर को मावली बंद का आह्वान किया था। हजारों लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए रैली निकालकर ज्ञापन दिया। इस जमीन को लेकर सर्व समाज के लोगों ने आपत्ति जताते हुए आवंटन को निरस्त करने की मांग की। अब्दुल रहमान प्रकरण का हवाला दिया गया है। बताया गया कि आवंटित जमीन के आसपास हिंदू मंदिर और श्मशान भी है। ऐसे में इस जमीन का आवंटन रद्द किया जाना चाहिए।

# लसाड़िया क्षेत्र में देर रात आदिवासी युवक की गला रेत कर की निर्मम हत्या, धामनिया खालसा निवासी देला राम मीणा की हत्या



24 न्यूज अपडेट

युवक का गला रेंतकर हत्या करने का मामला सामने आया है। युवक के पैर की 3 अंगुलियां कटी हुई थी। शरीर पर भी कई जगह चोट के निशान हैं। राहगीरों ने खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को बताया। सूचना पर एएसपी अशोक बिटोलिया, डिप्टी हितेष मेहता और थानाधिकारी हर्षराज सिंह जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच में जुटे हैं। मामला सलूंबर जिले के लसाड़िया थाना क्षेत्र में बुधवार का है। धामनिया गांव में लालपुरा नाका के पास धरियावद सड़क किनारे शव मिला है।

**हत्या का कारण लगा रहे पता-** लसाड़िया थानाधिकारी हर्षराज सिंह ने बताया- युवक देलाराम मीणा (30) निवासी लसाड़िया था। वह मजदूरी करता था। धारदार हथियार से उसका गला रेता गया है। हत्या किसने और किस कारण से की है। इस बारे में पुलिस टीम जांच में जुटी है। संदिग्धों से पूछताछ करके और सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही आरोपी को पकड़ा जाएगा।

# स्कूटी पर दिखे वरुण धवन और जाह्नवी कपूर, उदयपुर में शुरू हुई 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की शूटिंग



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। वरुण धवन और जान्हवी कपूर आज उदयपुर शहर की सड़कों से गुजरते दिखाई दिए। वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी ' की शूटिंग यहां पर आज अलग-अलग लोकेशन पर शुरू हुई। वरुण आज स्कूटी पर जाह्नवी को लेकर अंदरूनी शहर से गुजरे। वरुण और जाह्नवी कार से चांदपोल आए व उसके बाद स्कूटी पर सवार होकर शूटिंग स्पॉट पर पहुंचे व अमराई घाट पर शूटिंग हुई। इस दौरान लोगों की भीड लग गई। लोगों ने दोनों के साथ सेल्फी ली। दोनों इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर ओल्ड सिटी से निकले। हेलमेट पहने हुए थे तो लोग एकाएक पहचान नहीं पाए। जैसे-जैसे लोगों को पता चला वे उत्सुक हो गए। उनके आगे और पीछे सिक्योसिटी का लवाजमा था। अमराई घाट पर मांजी की मंदिर में फिल्म के दृश्य फिल्माएं गए। शूटिंग को लेकर सजावट की गई और टेंट लगाकर फिल्म के अलग-अलग दृश्य शूट किए गए। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' एक लव स्टोरी है। इसमें वरुण और जान्हवी के अलावा रोहित सराफ, मनीष पॉल, सान्या मल्होत्रा और अक्षय ओबेरॉय जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में है।

# 29 को खाटूश्याम कीर्तन तुलसीदास सराय में, इंदौर के शिवम रावल देवेंगे भजनों की प्रस्तुति

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान मे रविवार 29 सितम्बर को सायंकाल 4रू30 बजे से तुलसीदास जी की सराय, डबोक एयरपोर्ट रोड मे बन रहे श्याम मन्दिर प्रांगण मे श्री श्याम कीर्तन होगा। ट्रस्ट अध्यक्ष शशिकांत खेतान ने बताया कि भारत के सुप्रसिद्ध भजन गायक इन्दोर के शिवम रावल तथा केमिता राठौड अपनी मधुर आवाज से भक्तो को भावविभोर करेंगें। दरबार श्रृंगार जयपुर के साँवरिया डेकोरेटर, संगतकार नीमच से उमेश म्यूजिकल ग्रुप को आमंत्रित किया है। लगभग 15 स्थानीय भजन गायक श्री अनिल आनन्द शर्मा, जमनाशंकर, इतिशा गोयल, योगेश सैनी, सुनन्दा चैबीसा, रजनीश मानसी शर्मा,अंजली चिराग आचार्य, पंकज भण्डारी,सरमेश राठौड, लता सोनी, प्रतीक माहेश्वरी एंव भावना शर्मा आदि भी अपनी हाजिरी लगायेंगे। भक्तो को असुविधा ना हो अतरू कीर्तन जल्दी प्रारंभ कर आरती पश्चात सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

# सीधे प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर, 25 सितम्बर। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय देवल डूंगरपुर में सत्र 2024-25 के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के प्रथम, द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश का अंतिम अवसर प्रदान करते हुए 24 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक आवेदन किए जा सकते हैं। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय देवल के प्रधानाचार्य डॉ. जमील खांन ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी उसी दिन आवेदन कर प्रवेश ले सकता है। अधिक जानकारी के लिए प्रथम वर्ष नोडल अधिकारी डॉ. जमील खांन मोबाइल नंबर (9982311274) तथा द्वितीय वर्ष के नोडल अधिकारी राजकुमार मीणा मोबाइल नंबर (8290965563) से सम्पर्क कर सकते हैं।

# बड़गांव में गवरी : गड़ावण की रस्म देखने अपार जनसमूह उमड़ पड़ा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर से सटे बड़गांव में बुधवार को गवरी में गड़ावण की रस्म देखने अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। दिनभर खेड़ा माता चौक पर गवरी नृत्य हुआ। इसमें कपड़े के बने हाथी की सवारी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। दोपहर बाद गवरी कलाकार नाचते हुए अपार जनसमूह के साथ गांव के कुम्हार के घर पहुंचे। यहाँ से मिट्टी के बने हाथी पर सवार गौरज्या माता को शोभायात्रा के रूप में आशापुरा माता जी मंदिर लाया गया। यहां रात भर माता जी की पूजा अर्चना हुई। गुरुवार को वलावण की रस्म होगी। इसमें हाथी पर सवार गौरज्या माता को जल में विसर्जित किया जाएगा। इसके साथ ही गवरी का समापन हो होगा।

# पर्यटन स्थलों पर हुई गवरी नृत्यों की प्रस्तुतियां

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 24 सितंबर। माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उदयपुर शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मेवाड़ के प्रमुख पारम्परिक जनजातीय लोकनृत्य नाटिका गवरी का आयोजन किया गया।

संस्थान के निदेशक ओपी जैन ने बताया कि पारम्परिक जनजाति कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष शहर के प्रमुख स्थलों पर गवरी नृत्य का मंचन कराया जाता रहा है। इस वर्ष 11 व 12 सितम्बर को करनाली एवं सुनारिया गांव की गवरी दल द्वारा भारतीय लोक कला मण्डल में प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया कि 19 व 20 सितम्बर को उण्डीथल एवं बगडूंदा, गोगुन्दा गांव की गवरी दल द्वारा सहेलियों की बाड़ी में तथा 23 व 24 सितम्बर को आयड़ का भीलवाड़ा एवं खारा बामनिया, टीडी के गवरी दल द्वारा फतेहसागर पाल पर गवरी नृत्यों की प्रस्तुतियां करवायी गई। संस्थान द्वारा प्रति गवरी दल 35,000 रुपये सहायता राशि के रूप में प्रदान किए गए।

उल्लेखनीय है कि संस्थान द्वारा पिछले 9 वर्षों से उदयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर गवरी का आयोजन निरन्तर करवाया जाता रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 11 सितंबर को टीएडी आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी द्वारा किया गया था वहीं फतेहसागर पाल पर कार्यक्रम के समापन अवसर पर टीआरआई निदेशक ओपी जैन द्वारा कलाकारों को सहायता राषि स्वीकृति आदेष प्रदान कर कलाकारों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर देशी-विदेशी पर्यटकों एवं संस्थान के कला एवं संस्कृति प्रभारी श्रीमती प्रज्ञा सक्सेना, निदेशक (सांख्यिकी) श्रीमती अर्चना रांका, पूर्व सहायक सांस्कृतिक अधिकारी भगवान लाल कच्छावा उपस्थितरहे।

# मुंबई की जहांगीर गैलरी में सजी मेवाड़ के शिल्पकार की कलाकृतियां



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 25 सितंबर। शहर के ख्यातनाम प्रस्तर शिल्पकार हेमंत जोशी की कलाकृतियों की प्रदर्शनी मुंबई की विश्वप्रसिद्ध जहांगीर आर्ट गैलेरी में प्रारंभ हुई है। 'मेटल-केनवास-स्टोन' शीर्षक से आयोजित इस सात दिवसीय इस प्रदर्शनी का शुभारंभ देश के ख्यातनाम वास्तुकार संजय पुरी, इंटीरियर आर्किटेक्ट रूपेश बैद, अर्चना बैद तथा द बोंबे आर्ट सोसायटी के अध्यक्ष राजेन्द्र पाटिल ने किया। अतिथियों ने गैलरी में दीप प्रज्वलन कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और अवलोकन करते हुए शिल्पकार हेमंत जोशी को शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर तीनों अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रदर्शित प्रस्तर शिल्प को देखा और इसके शिल्प-सौंदर्य की तारीफ की। अतिथियों का कहना था कि शिल्पकार जोशी ने अपनी कल्पनाओं से पत्थरों को मोम की भांति अलगकृअलग आकार दिए है और यह कलाकृतियां इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये समस्त कलाकृतियां स्क्रेप से बनी हुई हैं। उन्होंने वेस्ट से बेस्ट के तथ्य को ध्यान में रखते हुए कला के प्रतिमान स्थापित करने के लिए जोशी की सराहना की।

जोशी ने बताया कि इस प्रदर्शनी में 9 इंच से लगाकर 7 फीट आकार के विविध रंगों के पत्थरों के स्कल्पचर प्रदर्शित किए गए हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में कलाप्रेमी दर्शक भी पहुंचे और इन कलाकृतियों को देखा।


# प्याज की 'अब रूलाओगे क्या' वाली कीमतों से राहत, 35 रुपए किलो पर 10 जगहों पर वैन से शुरू की सरकारी सप्लाई



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। प्याज की कीमतों ने 60 पार होने के बाद खलबली मचानी शुरू कर दी है। इसके बाद सरकार नींद से जागी है और राहत का मानसून लेकर आई है। भारत सरकार ने 35 रुपए किलो प्याज बेचना शुरू कर दिया है। नेशनल को-ऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने आज शाम को 4.15 बजे जयपुर सहकार भवन पर सस्ते प्याज बेचने की शुरुआत की है। कुल 10 जगह पर सस्ती प्याज बेचा जा रहा है। अलगे कुछ दिनों में शहर के इलाकों में 24 मोबाइल वैन के जरिए सस्ते प्याज उपलब्ध करवाए जाएंगे। रोज सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक वैन के जरिए सस्ता प्याज बेचा जाएगा। एक वैन में 1500 किलो प्याज रहेगा। इसके खत्म होने पर दोबारा गोदाम से भरकर निर्धारित स्थान पर भेजा जाएगा। एनसीसीएफ के जयपुर शाखा प्रबंधक ए. संदीप ने मीडिया को बताया कि हमारी ओर से जयपुर के कई लोकेशन पर प्याज उपलब्ध करवाए जाएंगे। बाजार में जो प्याज 60 से 70 रुपए किलो बिक रहा है। हमारी वैन पर 35 रुपए किलो के भाव पर मिलेगा। आपको बता दें कि इस बार बारिश बेतरतीब होने होने के बाद से प्याज के रेट लगातार बढ़ रही है। रिटेल में 30 से 40 रुपए किलो बिकने वाला प्याज बाजार में 50 से 60 रुपए किलो तक है। अभी तो प्याज में मंडी में नासिक से प्याज का पुराना स्टॉक आ रहा है।

# कुसुम यादव ने हेरिटेज निगम के मेयर का पद संभाला



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर नगर निगम हेरिटेज में कार्यवाहक मेयर के तौर पर कुसुम यादव ने आज कार्यभार ग्रहण कर लिया है। हनुमान चालीसा और मंत्रोच्चार के साथ कुसुम यादव ने मेयर की कुर्सी संभाली। इस दौरान बीजेपी के विधायक, प्रभारी मंत्री, सांसद भी मौजूद रहे। वहीं, विधायक बालमुकुंद आचार्य ने मेयर कार्यालय में गंगाजल-गोमूत्र छिड़ककर उसकी शुद्धि की।

महापौर की कुर्सी संभालते हुए कुसुम यादव ने कहा- हेरिटेज नगर निगम में जो छल कपट करके सरकार बनाई गई थी। उसका अंत हुआ है। भ्रष्टाचार करने के बावजूद मुनेश सीट से इस्तीफा नहीं देना चाहती थी। उनसे विधायक और पार्षद सभी परेशान थे। आज भारतीय जनता पार्टी के विधायक और पार्षद खुश हैं। सभी सहयोग कर रहे हैं कि जो बदलाव आया है, वो बरकरार रहे।

यादव ने कहा- अब नगर निगम में जीरो टॉलरेंस पर काम किया जाएगा। आगे त्योहारी सीजन आ रहा है। दीपावली पर हर व्यक्ति की प्राथमिकता सफाई रहती है। उनकी भी प्राथमिकता यही रहेगी कि जिस तरह पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता का संदेश दिया है। उसे आगे बढ़ाते हुए जयपुर को स्वस्थ और स्वच्छ रखें।

## हेरिटेज नगर निगम में रामराज्य स्थापित होगा

उन्होंने कहा- हेरिटेज नगर निगम में रामराज्य स्थापित होगा। यहां हनुमान चालीसा और पूजा पाठ से कार्य की शुरुआत हुई है। ये पवित्र मन से किया गया काम है। यहां से भ्रष्टाचार दूर चला जाएगा। जो भी अधिकारी-कर्मचारी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा- कांग्रेसी पार्षदों ने बीजेपी जॉइन कर ली है। वो कांग्रेस के शासन से त्रस्त थे। महापौर से परेशान थे। ऐसे में हेरिटेज नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी का शुद्ध बोर्ड है। अब मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायकों की सलाह से समितियों का गठन भी किया जाएगा। इसमें सभी की सहभागिता होगी।

# सोने की कीमत ऑल टाइम हाई, 77,300 रुपए, चांदी 2300 रुपए चमकी



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चल रही उठापटक ने सोने और चांदी की कीमतों के पंख लगा दिए हैं। सोने ने तो आज अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। बुधवार को सोने की कीमत अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 77 हजार 300 रुपए पर पहुंच गई तोचांदी प्रति किलो में 2300 का इजाफा हुआ है। इसके बाद प्रति किलो चांदी की कीमत 93 हजार रुपए पर आ गई है। अगले कुछ दिनों तक सोने और चांदी की कीमत में और इजाफा होने की संभावना बनी हुई है। जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के राकेश खंडेलवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी अस्थिरता का असर भारतीय बाजार पर नजर आ रहा है। स्टैंडर्ड सोने और चांदी की कीमत में फिर से तेजी का सिलसिला शुरू हो गया है जोएक सप्ताह तक जारी रह सकता है। इसके बाद सोने चांदी के भाव स्थिर होंगे। दीपावली परएक बार फिर सोने और चांदी की कीमत में तेजी आ सकती है। स्टैंडर्ड सोने की कीमत इस साल के अंत तक 80 हजार रुपए के आंकड़े तक पहुंच सकती है। जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77 हजार 300 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोने की कीमत 72 हजार रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 60 हजार 400 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 49 हजार 400 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत बढ़कर 93 हजार रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है।

## सोना खरीदते हुए 12 अंकों का आईडी देखें

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉल मार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। नए नियम के तहत एक अप्रैल से 6 डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा। जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉल मार्क कोड होगा। इसे हॉल मार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर कहते हैं। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। 24 कैरेट सोने को सबसे शुद्ध सोना माना गया है, लेकिन इसकी ज्वेलरी नहीं बनती, क्योंकि वो बेहद मुलायम होता है। आमतौर पर ज्वेलरी के लिए 22 कैरेट या इससे कम कैरेट सोने का इस्तेमाल किया जाता है।

# अल्पसंख्यक समुदाय की मेधावी छात्राओं के लिए कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के लिए आवेदन आमंत्रित अल्पसंख्यक समुदाय की मेधावी छात्राओं के लिए कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के लिए आवेदन आमंत्रित




**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर,। कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के लिए वर्ष 2024-25 में 12वीं उत्तीर्ण पात्र एवं इच्छुक छात्राऐं कॉलेज शिक्षा जयपुर की विभागीय वेबसाईट https://hte.rajasthan.gov.in/ पर 20 नवम्बर तक पर आवेदन कर सकती हैं। अल्पसंख्यक मामलात विभाग के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री अभिषेक सिद्ध ने बताया कि इस योजना में वे सभी छात्राएँ पात्र हैं, जो शिक्षण सत्र 2023-24 में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में कक्षा 12वीं में न्यूनतम 65 प्रतिशत प्राप्तांक से उत्तीर्ण हैं या केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में कक्षा 12वीं में न्यूनतम 75 प्रतिशत प्राप्तांक से उत्तीर्ण हैं तथा महाविद्यालय, अन्य उच्च व्यवसायिक, तकनीकी या अन्य संस्थानों में नियमित अध्ययनरत हो साथ ही छात्रा के माता-पिता की अधिकतम वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये हो। श्री सिद्ध ने बताया कि योजना से संबंधित नियम, दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/ के होम पेज पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन विभाग की वेब-साईट पर छात्रा की एसएसओ आई-डी से लॉगईन कर Citizen App G2C के Scholrship (CE, TAD, Minority) आईकन पर क्लिक कर किया जा सकता है। आवेदन पत्र भरने से पूर्व संबंधित छात्रा/अभिभावक योजनाओं से संबंधित दिशा-निर्देश, नियम एवं संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की भली-भांति अध्ययन कर आवेदन करें। आवेदन करने हेतु विद्यार्थी के पास जन आधार कार्ड होना आवश्यक है। इसमें भरी हुई सूचनाएँ यथा जाति, मूल-निवास, बैंक डिटेल आदि अपडेट हो। अधिक जानकारी के लिए अल्पसंख्यक विभाग के कार्यालय के दूरभाष नम्बर 0141-2785723 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मरने से पहले वीडियो में बोला- भाई चुकाएगा उधारी, आरोपी- पत्नी के साथ गलत काम किया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। बड़े भाई से खफा होकर छोटे भाई ने गंभीर आरोप वीडियो में लगाते हुए जहर की गोलियां खा कर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों ने छोटे भाई को खेत में बेहोश पड़े देखा तो अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। युवक ने वीडियो के साथ एक सुसाइड नोट भी छोड़ा। उदयपुर में सायरा थाना क्षेत्र के गुंदाली स्थित रमणा गांव में यह घटना हुई। मरने से पहले के वीडियो में ह कह रहा है कि भाई ने मेरी पत्नी के साथ गलत काम किया है। सारी उधारी मेरी अब उसी का चुकानी होगी। उसे ही मेरे बच्चों का ख्याल भी रखना होगा। सायरा थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने मीडिया से कहा कि मृतक भगाराम (25) पुत्र भीमाराम गमेती के भाई के खिलाफ सुसाइड के लिए उकसाने की धारा 306 में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वीडियो को लेकर भी जानकारी सामने आई है। ग्रामीणों ने उसे उदयपुर के उदयपुर के एमीबी अस्पताल में भर्ती करवाया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बताया जा रहा है कि बड़े भाई से उसका लेन-देन को लेकर विवाद था, इसके अलावा अन्य आरोपों की भी जांच हो रही है। मृत भगाराम सूरत में कुक का काम करता है। एक दिन पहले ही वह गांव में आया था। सुसाइड से पहले वीडियो बनाया व सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कहा कि कालूराम और मोटाराम उसके भाई हैं। बड़ा भाई कालूराम ही उसकी मौत का जिम्मेदार है। उसने मेरी घरवाली के साथ गलत किया, मैसेज किया, परेशान किया। सच सामने आने के बाद पंचायत ने 50 हजार रुपए का जुर्माना रखा। कुछ राशि मुझे देने की बात कही। कुछ दिन बाद फोन लगाया तो पैसा देने से मना कर दिया। मेरा सेठ मुझसे 1.41 लाख रुपए मांगता है। अब वह पैसे मेरा भाई देगा। गांव में जिस दुकान से मेरे घर सामान आता है उसके करीब 5 हजार रुपए का उधार है वह भी वही चुकाएगा। काका के लड़के के 5 हजार रुपए उधार भी भाई चुकाएगा। बच्चों का खर्चा उसी को देना होगा।


# स्वच्छता ही सेवा के तहत आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़, 25 सितंबर। नगर परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत बुधवार को विद्यालयो में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगर परिषद आयुक्त रवीन्द्र यादव ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत बुधवार को नगर परिषद द्वारा शहर में स्थित विद्यालयों में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा से संबंधित विषय पर निबंध लेखन व चित्रांकन किया गया, स्वच्छता शपथ दिलाई गई एवं स्वच्छता से संबंधी विषयों पर जानकारी व प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने व पर्यावरण अनुकूल उत्पाद का उपयोग करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ही नगर परिषद द्वारा Reduce Reuse Recycle थीम पर बस स्टैंड एवं दूर्ग पर बॉटल क्रश मशीन व क्लोथ बैग मशीन स्थापित कर नवाचार किया गया, स्वच्छता शपथ दिलाई गई तथा साथ ही कपड़े के थैलों का वितरण कर शहरवासियों व पर्यटकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की समझाइश की गई।

# 2 शिक्षक और एक एजेंट गिरफ्तार, 3-3 लाख में बने थे डमी, दस्तावेजों में फोटो और साइन अलग-अलग मिले



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। बांसवाड़ा जिले में डमी शिक्षकों के मिलने का क्रम जारी है। रीट शिक्षक भर्ती परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाकर सरकारी नौकरी हासिल करने के मामले में दो और आरोपी पकड़े हैं। सज्जनगढ़ थानाधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि प्रकरण में आरोपी शिक्षक सज्जनगढ़ के संदलाई बड़ी निवासी ललित कुमार गरासिया, डूंगरी पाड़ा निवासी अमर सिंह डांगी और कुशलगढ़ के खतेलासात मगरदा क्षेत्र के रहने वाले एजेंट मुकेश पणदा को गिरफ्तार किया है। इन शिक्षकों ने रीट भर्ती परीक्षा 2015 व 2017 में आवेदन पत्रों में अन्य डमी अभ्यर्थी के फोटो लगाकर डमी अभ्यर्थियों से परीक्षा दिलवाई थी। जिससे परीक्षा उत्तीर्ण की और वर्ष 2017 व 2018 तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती रीट के प्रमाणपत्र लगाकर तृतीय श्रेणी शिक्षक के पद पर पदस्थापन लिया। जांच के दौरान इन अभ्यर्थियों के मूल पत्रावलियों की छानबीन की तो पता चला कि आवेदन पत्रों पर लगी फोटो व हस्ताक्षर प्रथम दृष्टया अलग-अलग पाए गए। वहीं, एजेंट मुकेश ने दोनों आरोपी शिक्षकों से 3-3 लाख के बदले डमी अभ्यर्थियों का बंदोबस्त किया था।

# मंगेतर के घर फंदे पर लटकी युवती, मौतःकारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस, पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंपा शव

24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. डूंगरपुर के चौरासी थाना क्षेत्र के नेगाला गांव में एक युवती ने अपने मंगेतर के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चौरासी थाने के एएसआई जीवन लाल पटेल ने बताया की माथुगामड़ा निवासी जीवा कटारा ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में जीवा कटारा ने बताया की उसने अपनी बेटी कोकिला (19) का रिश्ता नेगाला निवासी शैलेश के साथ करवाया था। कोकिला अपने होने वाले ससुराल आती जाती रहती थी। पिछले कुछ दिनों से वह वहीं थी। इस बीच उसने अपने मंगेतर शैलेश के घर पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

एएसआई ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। शव को नीचे उतरवाकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विद्या भवन में बोले यूसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष, नेचर इंटेलिजेंस से ही एआई बनेगी पर्यावरण अनुकूल : कोमल कोठारी




24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर।यूसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष , उद्योगपति कोमल कोठारी ने कहा है कि प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, सेवा भाव,नागरिक दायित्व अर्थात नेचर इंटेलिजेंस से ही एआई अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर्यावरण अनुकूल बन सकेगी। कोठारी बुधवार को विद्या भवन पॉलिटेक्निक सभागार में एआई तथा पर्यावरण विषयक सेमिनार में बोल रहे थे। कोठारी ने कहा कि देश विकास के लिए औद्योगिक उत्पादन में निरंतर अभिवृद्धि हो रही है। इसके लिए वृहत पैमाने पर ऑटोमेशन तथा एआई जैसी तकनीकों का प्रयोग हो रहा है। लेकिन , यह जरूरी है कि इन समस्त तकनीकों से पानी, मिट्टी, हवा तथा जन स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव नहीं हो तथा मानवीय रिश्तों में जीवंतता बनी रहे। उद्योग जगत सर्कुलर इकोनॉमी पर ध्यान देते हुए ऊर्जा खपत तथा अपशिष्ट निकासी को न्यूनतम करने पर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का अयोजन पॉलिटेक्निक पूर्व विद्यार्थी संस्था, सक्षम संस्थान, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि इको क्लब तथा आई ई आई व आई एस टी ई स्टूडेंट चैप्टर्स की ओर से किया गया। अभियंता दिवस समारोह की श्रंखला में आयोजित इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता एस एल जैन ने कहा कि आम लोगों के जीवन को अच्छा बनाने में ही एक अच्छे इंजीनियर की संतुष्टि व प्रगति है। जैन ने कहा कि प्रकृति के प्रति एक गहरी जिम्मेदारी के भाव से तकनीकीविदों को समस्त परियोजनाओं को क्रियान्वित करना चाहिए । इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वच्छ वायु गुणवता कार्यक्रम, पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के स्थानीय समन्वयक नवीन व्यास ने कहा कि विशिष्ट प्रयासों से उदयपुर में पीएम एम 5 तथा पी एम 10 की मात्रा में कमी आई है जिसे केंद्र सरकार ने सराहते हुए उदयपुर को पुरुष्कार प्रदान किया है। वायु गुण वत्ता और अधिक अच्छी हो, इसके लिए शहर में साइकिल प्रयोग तथा वेहिकल पूल को बढ़ाते हुए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग बढ़े । इसके लिए नागरिक व निगम, दोनो स्तर पर व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ अनिल मेहता , पूर्व विद्यार्थी संस्था के उपाध्यक्ष जय प्रकाश श्रीमाली, सचिव भुवन आमेटा , विद्यार्थी सुमेधा गुप्ता, आदित्य सिंह संचित जैन ने भी विचार व्यक्त किए । संयोजन नैंसी तथा भव्या ने किया ।



# मकान में हो रहा थी रीफिलिंगःरसद विभाग ने 2 जगह कार्रवाई कर 40 सिलेंडर किए जब्त



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़. जिला रसद विभाग ने एलपीजी गैस की अवैध रिफिलिंग के खिलाफ कार्रवाई की है। विभाग की ओर से लगातार इस संबंध में कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को डूंगला के ईडरा गांव में एक मकान और मंगलवाड़ चौराहे पर स्थित एक दुकान से घरेलू और कमर्शियल के लगभग 40 सिलेंडर जब्त किए।

प्रवर्तन अधिकारी सुमन तिवारी ने बताया कि डूंगला क्षेत्र के ईडरा गांव में नरेश पाटीदार अपने घर पर गैस रिफिलिंग करवाता है। उसके पास किसी तरह का लाइसेंस नहीं है। उसका मकान एक कॉलोनी के बीचों बीच बना हुआ है। शिकायत मिलने पर टीम ने नरेश पाटीदार के मकान पर दबिश दी। मौके से 24 घरेलू सिलेंडर, 19 किलो के सात कमर्शियल बड़े, पांच kg के 2 कॉमर्शियल छोटे सिलेंडर जब्त किए। उन्होंने बताया कि मौके पर अवैध गैस रिफिलिंग की मोटर और अन्य सामग्री भी जब्त की है।

मंगलवाड़ चौराहे पर भी हुई कार्रवाई

प्रवर्तन अधिकारी सुमन तिवारी ने बताया कि इसके अलावा मंगलवाड़ चौराहे पर स्थित राजस्थान गैस सर्विस की दुकान से 5 किलो वाले 7 कमर्शियल सिलेंडर जब्त किए। यह गैस एजेंसी से खरीद कर खुद सिलेंडर बेच रहा था। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन निरीक्षक हिमांशु जोशी और जितेंद्र सैनी मौजूद थे।

# 9 जगहों से 24 एलपीजी सिलेंडर पकड़े : रसद विभाग ने मारा छापा, गैस एजेंसी को सौंपे



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. रसद विभाग ने सागवाड़ा क्षेत्र से 24 एलपीजी सिलेंडर बरामद किए हैं। इन घरेलू गैस सिलेंडर का होटल, ढाबे और थड़ियों पर कॉमर्शियल यूज किया जा रहा था। रसद विभाग ने पकड़े गए सिलेंडर को गैस एजेंसी को सौंप दिए हैं। जिला रसद अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि प्रदेशभर में घरेलू गैस की कालाबाजारी और कॉमर्शियल यूज को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रवर्तन निरीक्षक के साथ रसद विभाग की टीम ने सागवाड़ा में छापेमारी की। रसद विभाग ने अलग-अलग 9 जगहों पर दबिश दी। इस दौरान होटल, ढाबे, थड़ियों और केटरिंग की दुकानों पर अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा था। कई जगहों पर कॉमर्शियल कनेक्शन भी नहीं थे और घरेलू गैस से भी व्यापारिक उपयोग कर रहे थे। रसद विभाग ने इन ठिकानों से 24 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। डीएसओ ने बताया कि सभी सिलेंडर को जब्त कर सागवाड़ा गैस एजेंसी को सौंप दिए गए हैं। वहीं इन मामलों को डूंगरपुर कलेक्टर कोर्ट में पेश किया जाएगा। डीएसओ ने बताया कि अभियान के तहत अवैध घरेलू गैस के उपयोग पर कार्रवाई की जाएगी।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।